प्रेस.विज्ञप्ति दिनांक-07.07.2026

# स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

## ’भिलाई में संपत्तिकर सर्वे अभियान शुरूए बीएसपी क्षेत्र के भवनों का होगा नया माप.जोख’

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई ने संपत्तिकर निर्धारण और कर प्रणाली को अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार बीएसपी क्षेत्र में निर्मित भवनों एवं भूमियों का व्यापक परिमाप ;सर्वेद्ध अभियान शुरू कर दिया गया है।

इस अभियान की शुरुआत सेक्टर.6 स्थित एमण्जीण्एमण् स्कूल के पास सड़क एवेन्यू.ए में बने भवनों के माप.जोख से की गई। निगम की टीम प्रत्येक भवन का वास्तविक क्षेत्रफलए निर्माण की स्थिति एवं अन्य आवश्यक विवरण दर्ज कर संपत्तिकर निर्धारण के लिए आधार तैयार कर रही है। निगम प्रशासन का कहना है कि इस सर्वे का उद्देश्य संपत्तिकर निर्धारण में पारदर्शिता लानाए वास्तविक निर्माण के अनुसार कर निर्धारण करना तथा राजस्व व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है। आने वाले दिनों में बीएसपी क्षेत्र के अन्य सेक्टरों में भी यह अभियान चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। सर्वे कार्य के दौरान निगम के सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्रामए सहायक राजस्व निरीक्षक प्रहलाद लहरे तथा राजस्व अमला गणित बद्येलए टेकराम हरिन्द्रवार और प्रकाश महलवार मौजूद रहे। निगम की टीम ने मौके पर भवनों का माप लेकर आवश्यक अभिलेख तैयार किए।

संलग्न.फोटो जनसम्पर्क अधिकारी

